# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : **16** | |
|---|---|
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : **150** | |
| समय / Time : **3.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **300** |

Question Booklet Number
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक →

# 134A

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination before attempting the question paper kindly check your question booklet and OMR Answer Sheet and ensure that :
   * The serial numbers of question booklet and OMR answer sheet are same.
   * All pages of question booklet and OMR answer sheet are properly printed. All questions from S.No. **1** to last S.No. **150** are printed and pages from S.No. **1** to last S. No. **16** are there in the question booklet.

   In case of any discrepancy / defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of question booklet and OMR answer sheet. No claim / objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.
3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D)**. You have to darken only one circle **or** bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
8. There will be no negative marking for wrong answer.
9. Use of Mobile Phone/Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:
   * प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
   * प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र में प्रश्न सं. **1** से अन्तिम क्रमांक **150** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **16** तक मौजूद हैं।

   किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटा नहीं जायेगा ।
9. मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरूद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

MASTER

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । / Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

1 Jaundice is a condition in which accumulation of ________ occurs in blood.
(A) globulin (B) hemoglobin
(C) bilirubin (D) albumin
पीलिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें रक्त में ________ का संचय हो जाता है।
(A) ग्लोबुलिन (B) हीमोग्लोबिन
(C) बिलीरुबिन (D) एल्बुमिन

2 Which of the following is a non-impact printer?
(A) Daisy wheel (B) Dot matrix
(C) Drum (D) Laser
इनमें से कौन सा एक नॉन-इम्पेक्ट प्रिंटर है ?
(A) डेज़ी वील (B) डॉट मेट्रिक्स
(C) ड्रम (D) लेसर

3 Choose the correct Hindi translation of the following word from the given options :
Domicile certificate
(A) ग्रह प्रमाण पत्र
(B) आवास प्रमाण पत्र
(C) मूल निवासी प्रमाण पत्र
(D) जन्म प्रमाण पत्र

4 2.2 cubic dm of brass is to be drawn into a cylindrical wire of 0.5 cm in diameter, then the length of the wire is -
(A) 56 m (B) 112 m
(C) 224 m (D) 448 m
2.2 घन डेसी मी पीतल को 0.5 सेमी व्यास के बेलनाकार तार में खींचा जाता है, तो तार की लम्बाई है –
(A) 56 मी (B) 112 मी
(C) 224 मी (D) 448 मी

5 Which of the following blood groups is universal recipient?
निम्नलिखित में से कौन–सा रक्त समूह सार्वभौमिक ग्राही है ?
(A) $O^+$ (B) $O^-$
(C) $AB^-$ (D) $AB^+$

6 What is the name of the antimalarial medicine obtained from Cinchona?
(A) Atropine (B) Cinchonine
(C) Nicotine (D) Quinine
सिन्कोना से प्राप्त मलेरिया की दवा का नाम बताइये।
(A) एट्रोपीन (B) सिन्कोनिन
(C) निकोटिन (D) कुनैन

7 Which of the following fungus is used in baking industry?
(A) Black mold (B) Yeast
(C) Mushroom (D) Morels
बेकिंग उद्योग में कौनसे कवक का इस्तेमाल किया जाता है ?
(A) ब्लैक मोल्ड (B) यीस्ट
(C) मशरूम (D) मॉरेल

8 The Heading in a letter consists of ________.
(A) Salutation
(B) The writer's address and the date
(C) The reference
(D) The subscription

9 In Powerpoint, two kind of sound effect files that can be added to the presentation are -
(A) .wav and .mid files
(B) .wav and .gif files
(C) .wav and .jpg files
(D) .jpg and .gif files
पावरपॉइंट में दो तरह के साउंड इफेक्ट फाइलें प्रेजेंटेशन में जोड़ी जा सकती हैं –
(A) .wav व .mid फाइलें
(B) .wav व .gif फाइलें
(C) .wav व .jpg फाइलें
(D) .jpg व .gif फाइलें

10 The similarity between Li and Mg is due to –
(A) Similar ionic potential
(B) High electropositive nature
(C) Similarity in the charge of their ions
(D) Insolubility of their hydroxides
Li और Mg के बीच समानता की वजह है –
(A) समान आयनिक विभव
(B) उच्च विद्युत धनात्मक प्रकृति
(C) उनके आयन के आवेश में समानता
(D) उनके हाइड्राक्साइडों की अघुलनशीलता

11 Objective of 'Mukhyamantri Laghu Udhyog Protsahan Yojana' is :
(A) Establishment of enterprises
(B) Providing new employment opportunities
(C) Both Establishment of enterprises and Providing new employment opportunities
(D) Reducing economic inequalities
'मुख्य मंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना' का उद्देश्य है :
(A) उपक्रमों की स्थापना करना
(B) नये रोजगार अवसर उपलब्ध करवाना
(C) उपक्रमों की स्थापना करना एवं नये रोजगार अवसर उपलब्ध करवाना दोनों
(D) आर्थिक असमानताओं को कम करना

MASTER

12 Punett square is used in the study of :

(A) Cell Biology (B) Bio-Evolution
(C) Photosynthesis (D) Genetics

पुनेट वर्ग से हम किसका अध्ययन करते हैं ?

(A) कोशिका जीवविज्ञान (B) जैव विकास
(C) प्रकाश–संश्लेषण (D) अनुवंशिकी

13 How many times President Rule was implemented in Rajasthan?

राजस्थान में कितनी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया ?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

14 If $\sin\alpha = \frac{3}{4}$, then $\cos\alpha$ is -

यदि $\sin\alpha = \frac{3}{4}$, तब $\cos\alpha$ का मान है –

(A) $\frac{1}{4}$ (B) $\frac{1}{2}$
(C) $\frac{\sqrt{3}}{4}$ (D) $\frac{\sqrt{7}}{4}$

15 Which one of the following types of medicine are used for treating indigestion?

(A) Antibiotic (B) Analgesic
(C) Antacid (D) Antiseptic

निम्न में से किस प्रकार की दवाइयाँ अपच के निदान में काम आती हैं ?

(A) प्रतिरोधी (B) पीड़ाहारी
(C) प्रत्यमल (D) कीटाणुरोधी

16 If $(x-2)$ is a factor of $x^3 + kx^2 - 2x - 24$, then the value of $k$ is -

यदि $x^3 + kx^2 - 2x - 24$ का एक गुणनखण्ड $(x-2)$ है, तो $k$ का मान है –

(A) 2 (B) –2
(C) 5 (D) –5

17 'सुरभि–सुरभी' शब्द–युग्म के सही अर्थ का चयन कीजिए –

(A) पतंगा – रात्रि (B) दूध – बकरी
(C) मुकुट – मूँगा (D) गंध – गाय

18 During whose reign did the Kishangarh style receive an independent form?

(A) Raja Kishan Singh
(B) Raja Jagmal
(C) Raja Roop Singh
(D) Raja Samant Singh

किसके शासन काल में किशनगढ़ शैली को स्वतंत्र स्वरूप प्राप्त हुआ ?

(A) राजा किशनसिंह
(B) राजा जगमाल
(C) राजा रूपसिंह
(D) राजा सामंतसिंह

19 Which of the following is the first coal based electricity generating power plant of Rajasthan?

(A) Kota Super Thermal Power Plant
(B) Chhabra Thermal Power Plant
(C) Kalisindh Thermal Power Plant
(D) Suratgarh Thermal Power Plant

निम्न में से कौनसा राजस्थान का पहला कोयला आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्र है ?

(A) कोटा सुपर तापीय ऊर्जा संयंत्र
(B) छबड़ा तापीय ऊर्जा संयंत्र
(C) कालीसिंध तापीय ऊर्जा संयंत्र
(D) सूरतगढ़ तापीय ऊर्जा संयंत्र

20 In which fort is the Sheela Devi Temple located?

(A) Amer (B) Achalgarh
(C) Mehrangarh (D) Kumbhagarh

शिला देवी का मंदिर किस किले में अवस्थित है ?

(A) आमेर (B) अचलगढ़
(C) मेहरानगढ़ (D) कुम्भागढ़

21 The Panchayati Raj system in Rajasthan was inaugurated under which of the following five year plans?

(A) First (B) Second
(C) Third (D) Fourth

राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था का शुभारंभ किस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत किया गया था ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

MASTER

22 Ebony trees are found in ________ forests.

(A) Tropical Evergreen
(B) Monsoon Deciduous
(C) Conical Evergreen
(D) Mediterranean

एबोनी वृक्ष ________ वनों में मिलते हैं।

(A) उष्णकटिबंधीय सदाबहार
(B) पर्णपाती मानसून
(C) शंकुधारी सदाबहार
(D) भूमध्यसागरीय

23 Choose from the options given below one word for -

someone who walks in sleep :

(A) Philogynist (B) Somnambulist
(C) Recluse (D) Termagant

24 Which allotrope of carbon is in the form of the geodesic dome?

(A) Graphite (B) Diamond
(C) Fullerene (D) Carbon Nanotube

कार्बन का कौनसा अपरूप जियोडेसिक गुंबद जैसा स्वरूप रखता है ?

(A) ग्रेफाइट (B) हीरा
(C) फुलेरीन (D) कार्बन नैनोट्यूब

25 In normal conditions the number of WBC in comparison to RBC in blood is ________.

(A) equal
(B) more
(C) less
(D) changes now and then

सामान्यत: रक्त में श्वेत रुधिर कणिकाओं की संख्या, लाल रुधिर कणिकाओं की तुलना में :

(A) बराबर होती है।
(B) ज्यादा होती है।
(C) कम होती है।
(D) जब–तब बदलता रहता है।

26 If 5$^{th}$ January 2020 was Sunday, then what will be the day on 24$^{th}$ January 2022?

(A) Sunday (B) Monday
(C) Tuesday (D) Wednesday

यदि 5 जनवरी 2020 को रविवार था, तो 24 जनवरी 2022 को कौनसा दिन होगा ?

(A) रविवार (B) सोमवार
(C) मंगलवार (D) बुधवार

27 Which of the following statements is not true regarding Rajasthan State Human Rights Commission?

(A) It is a multi member body consisting of a chairperson and two other members.
(B) The chairperson should be a retired justice of Supreme Court.
(C) Other members of State Human Rights Commission can be a serving or retired judge or magistrate of High Court or District Court.
(D) The chairperson and other members are appointed by Governor.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के बारे में सही नहीं है ?

(A) यह एक बहु सदस्यीय निकाय है जिसमें अध्यक्ष व दो अन्य सदस्य होते हैं।
(B) अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश होता है।
(C) अन्य सदस्य उच्च न्यायालय अथवा जिला न्यायालय के न्यायाधीश अथवा मेजिस्ट्रेट हों अथवा रहे हों।
(D) अध्यक्ष व अन्य सदस्यों की नियुक्ति गवर्नर द्वारा की जाती है।

28 The purpose of run command in start menu is to–

(A) Launch Internet Browser
(B) Start Programs
(C) Search File
(D) Open System Lock

स्टार्ट मेन्यू में रन कमांड का कार्य है –

(A) इंटरनेट ब्राउजर चलाना
(B) प्रोग्राम चालु करना
(C) फाइल ढूँढ़ना
(D) सिस्टम लॉक खोलना

29 Genes which code for a pair of contrasting traits are known as -

(A) alleles (B) $F_1$ generation
(C) Genotype (D) Monohybrid

विपरीत लक्षणों के संकेतक जीनी जोड़े को ________ कहा जाता है।

(A) एलील (B) $F_1$ पीढ़ी
(C) जीनी प्रारूप (D) एकल संकर

30 Presently, the number of Municipal Corporation in Rajasthan are :

वर्तमान में राजस्थान में नगर निगमों की कुल संख्या है :

(A) 6 (B) 7
(C) 9 (D) 10

MASTER

**31** Go through the following poem and answer the question given below :

O Rose thou art sick,
The invisible worm,
That flies in the night
in the howling storm :
Has found out thy bed
Of crimson joy;
And his dark secret love
Does thy life destroy.

According to the poet, the main idea of the poem is :

(A) The poet praises the secret love of the worm.
(B) Wicked people win the battle.
(C) Innocent are helpless, they suffer and give up their life.
(D) The beauty of the Rose is immortal.

**32** Rinku sells a table of costing price ₹ 840 to Sonu and earns a profit of 10% and Sonu sells it to Rockey at loss of 5%, then what would be the final selling price of the table?

रिंकू ₹ 840 क्रय मूल्य वाली टेबल को 10% के लाभ से सोनू को बेचता है और सोनू इसे रोकी को 5% की हानि पर बेचता है। टेबल का अंतिम विक्रय मूल्य क्या होगा ?

(A) ₹ 877.80 (B) ₹ 798
(C) ₹ 837.80 (D) ₹ 924

**33** Through which of the following districts of Rajasthan, the tropic of cancer passes?

(A) Jalore (B) Sirohi
(C) Banswara (D) Jhalawar

निम्नांकित में से राजस्थान के कौन–से जिले से होकर कर्क रेखा गुजरती है ?

(A) जालौर (B) सिरोही
(C) बांसवाड़ा (D) झालावाड़

**34** Find the odd one out :


(A) ORACLE
(B) MYSQL
(C) MS ACCESS
(D) C++

विषम चुनिए :

(A) ओरेकल (ORACLE)
(B) एम वाई एस क्यू एल (MYSQL)
(C) एम एस एक्सेस (MS ACCESS)
(D) सी++ (C++)

**35** Study the following Pie-chart and answer the question -

निम्न पाई आलेख का अध्ययन कर निम्न प्रश्न का उत्तर दें –




(Expenditure chart)
(खर्च चार्ट)

How much percent more is spent on advertisement than that on binding?

बाइन्डिंग की अपेक्षा विज्ञापन पर कितना प्रतिशत ज्यादा खर्च किया है ?

(A) 2.5 (B) 9
(C) 2.8 (D) 10

**36** 'मैं आप चला जाऊँगा' इस वाक्य में सर्वनाम है :–

(A) निश्चयवाचक (B) सम्बन्धवाचक
(C) निजवाचक (D) प्रश्नवाचक

**37** When the liquid is spun rapidly, the denser particles remain to the bottom and the lighter particles stay at the top. This principle is used in -

(A) Centrifugation (B) Fractional distillation
(C) Evaporation (D) Filtration

जब किसी द्रव को तेजी से घुमाया जाता है, तो सघन कण नीचे तथा हल्के कण ऊपर रहते हैं । इस सिद्धांत का उपयोग किया जाता है –

(A) अपकेन्द्रण में (B) आंशिक आसवन में
(C) वाष्पीकरण में (D) निस्यंदन में

**38** Who is the current chairperson of the National Commission for Women? (As on 18th December 2022)

(A) Mamta Sharma
(B) Lalitha Kumaramangalam
(C) Dr. Girija Vyas
(D) Mrs. Rekha Sharma

राष्ट्रीय महिला आयोग की वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं ? (18 दिसम्बर 2022 के अनुसार)

(A) ममता शर्मा
(B) ललिता कुमारमंगलम
(C) डॉ. गिरिजा व्यास
(D) श्रीमती रेखा शर्मा

MASTER

39 When was 'Tiger Project' started in India?
(A) 1 March, 1973 (B) 1 April, 1973
(C) 1 April, 1972 (D) 1 March, 1972
भारत में 'बाघ परियोजना' कब प्रारम्भ की गई थी?
(A) 1 मार्च, 1973 (B) 1 अप्रैल, 1973
(C) 1 अप्रैल, 1972 (D) 1 मार्च, 1972

40 For a light ray travelling from denser to a rarer medium, if angle of incidence is equal to the critical angle, then the angle of refraction is :
सघन से विरल माध्यम में गमन करने वाली प्रकाश की एक किरण के लिये जब आपतन कोण, क्रांतिक कोण के बराबर होता है, तब अपवर्तन कोण होता है :
(A) 0° (B) 45°
(C) 90° (D) 180°

41 Trench Commission was formed in the context of which peasant movement?
(A) Begu Movement
(B) Bijolia Movement
(C) Alwar Movement
(D) Bundi Movement
किस किसान आन्दोलन के संदर्भ में ट्रेंच आयोग का गठन किया गया था?
(A) बेगु आन्दोलन
(B) बिजोलिया आन्दोलन
(C) अलवर आन्दोलन
(D) बूंदी आन्दोलन

42 If $\log_2(x+1)=2$, then the value of $x$ is :
यदि $\log_2(x+1)=2$, तब $x$ का मान है –
(A) 0 (B) 2
(C) 3 (D) 4

43 In a pond eco system, food chain starts with -
(A) Phytoplankton (B) Zooplankton
(C) Aquatic insects (D) Small fishes
तालाब पारिस्थितिकी तन्त्र में, खाद्य शृंखला प्रारम्भ होती है –
(A) पादपप्लवक से (B) जंतुप्लवक से
(C) जलीय कीट से (D) छोटी मछली से

44 Where is Maharaja Shree Ummaid Mills located in Rajasthan ?
(A) Jodhpur (B) Pali
(C) Jaipur (D) Jaisalmer
महाराजा श्री उम्मेद मिल्स राजस्थान में कहाँ स्थित है ?
(A) जोधपुर (B) पाली
(C) जयपुर (D) जैसलमेर

45 Name the Pratihar ruler who not only checked the advance of Arabs but also liberated several rulers from their yoke.
(A) Nagabhatt I (B) Deoraj
(C) Vatsaraj (D) Nagabhatt II
उस प्रतिहार शासक का नाम बताइये जिसने न केवल अरबों के आगे बढ़ने पर अंकुश लगाया बल्कि अनेक शासकों को उनके आधिपत्य से भी मुक्त किया।
(A) नागभट्ट प्रथम (B) देवराज
(C) वत्सराज (D) नागभट्ट द्वितीय

46 Choose the correct direct speech of the following sentence from the options given below :
He ordered them to lock the door.
(A) He said to them, "Please lock the door."
(B) He told them, "You locked the door."
(C) He tells them, "Lock the door."
(D) He said to them, "Lock the door."

47 What is the famous "Baadla" of Jodhpur?
(A) Wood Temple
(B) Water container made of zinc
(C) Zari Saree
(D) Pomcha
जोधपुर का प्रसिद्ध "बादला" निम्न में से क्या है?
(A) लकड़ी का मंदिर
(B) जस्ते से बना पानी का पात्र
(C) जरी साड़ी
(D) पोमचा

48 निम्नलिखित में से कौनसा शब्द प्रत्यययुक्त है?
(A) सजावट (B) अन्वेषण
(C) संकल्प (D) निवास

49 किस समूह में सही विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?
(A) निन्दा – कोप (B) कृतज्ञ – कृतघ्न
(C) स्थूल – दीर्घ (D) कटु – कठोर

50 Triplet code for inhibiting process of translation is:
अनुवाद प्रक्रिया का दमन करने वाला ट्रिपलेट कोड है :
(A) AUG (B) UAA
(C) UAC (D) UGG

51 Change the following sentence from the active voice to the passive voice.
We expect good news.
(A) Good news is expected.
(B) Good news should be expected.
(C) Good news must be expected.
(D) Good news was expected.

MASTER

**52** On 30th October, 2022 a pedestrian suspension bridge collapsed in the city of Morbi in Gujarat, it was built on which river?

(A) Rupen (B) Machchhu
(C) Sabarmati (D) Khari

30 अक्टूबर, 2022 को गुजरात के मोरबी शहर में एक पैदल सस्पैन्शन पुल ढ़ह गया, यह किस नदी पर बनाया गया था?

(A) रूपेन (B) मच्छु
(C) साबरमती (D) खारी

**53** The diameter of a sphere is 0.7 cm. From a water tank, 3000 spheres completely filled with water is thrown out. The volume of the water thrown out is $\left(\text{where } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(A) 539 $cm^3$ (B) 530 $cm^3$
(C) 439 $cm^3$ (D) 430 $cm^3$

एक गोले का व्यास 0.7 सेमी है । एक पानी की टंकी से 3000 गोले पूर्ण रूप से भरकर पानी बाहर निकाला जाता है, तो बाहर निकलने वाले पानी का आयतन है $\left(\text{जहाँ } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(A) 539 घन सेमी (B) 530 घन सेमी
(C) 439 घन सेमी (D) 430 घन सेमी

**54** How many characters are supported by ASCII-7 coding system?

आस्की-7 (ASCII-7) कोडिंग सिस्टम में कितने करेक्टर्स होते हैं?

(A) 356 (B) 128
(C) 512 (D) 256

**55** The median and mean of 15, 17, 16, 7, 10, 12, 14, 16, 19, 12 and 16 are respectively -

15, 17, 16, 7, 10, 12, 14, 16, 19, 12 तथा 16 की माध्यिका एवं माध्य क्रमशः हैं –

(A) 16, 18 (B) 16, 14
(C) 15, 14 (D) 15, 16

**56** निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं?

(A) बकरी, घड़ी, चाचा, होली
(B) जनवरी, पृथ्वी, चाँदनी चौक, प्रदीप
(C) लड़ाई, ममता, हाथ, रामायण
(D) गंगा, तालाब, नदी, समुद्र

**57** The Jaswant Thada of Jodhpur was built by _____.

(A) Maharaja Sardar Singh
(B) Maharaja Hanuwant Singh
(C) Maharaja Ummed Singh
(D) Maharaja Jaswant Singh II

जोधपुर के जसवंत थड़ा का निर्माण __________ ने करवाया।

(A) महाराजा सरदारसिंह
(B) महाराजा हनुवन्तसिंह
(C) महाराजा उम्मेदसिंह
(D) महाराजा जसवन्तसिंह द्वितीय

**58** Second highest peak of Aravali is –

(A) Gurushikhar (B) Sergarh
(C) Achalgarh (D) Taragarh

अरावली की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है –

(A) गुरुशिखर (B) सेरगढ़
(C) अचलगढ़ (D) तारागढ़

**59** Which of the following climate regions in Rajasthan receives lowest annual rainfall?

राजस्थान में निम्नलिखित जलवायु प्रदेशों में से कौनसा सबसे कम वार्षिक वर्षा प्राप्त करता है?

(A) BShw (B) Cwg
(C) BWhw (D) Aw

**60** ________ National Games were organised in Ahmedabad.

(A) 34th (B) 35th
(C) 36th (D) 37th

अहमदाबाद में ______ राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया।

(A) 34वें (B) 35वें
(C) 36वें (D) 37वें

**61** 'घुड़सवार' शब्द में समास है –

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

**62** The highest peak in the Eastern Ghat is

(A) Anamudi (B) Dodabeta
(C) Mahendragiri (D) Gurushikhar

पूर्वी घाट में सर्वोच्च शिखर है –

(A) अन्नामुड़ी (B) दोदाबेटा
(C) महेन्द्रगिरि (D) गुरुशिखर

**63** The centre of activities of Govind Giri in 1911 and 1912 was __________.

(A) Idar (B) Sunth
(C) Bedasa (D) Kheda

गोविन्द गिरि की गतिविधियों का केन्द्र 1911 एवं 1912 में ________ था।

(A) ईडर (B) सूंथ
(C) बेड़सा (D) खेड़ा

**64** Volodymyr Zelenskyy is President of -

(A) Russia (B) Portugal
(C) Spain (D) Ukraine

वोलोदिमिर जेलेंस्की राष्ट्रपति हैं –

(A) रूस के (B) पुर्तगाल के
(C) स्पेन के (D) यूक्रेन के

MASTER

**65** Shree Kalraj Mishra is _______ governor of Rajasthan.
(A) $39^{th}$ (B) $40^{th}$
(C) $41^{st}$ (D) $44^{th}$
श्री कलराज मिश्र, राजस्थान के _______वें राज्यपाल हैं।
(A) 39 (B) 40
(C) 41 (D) 44

**66** Value of $\sqrt{16129}$ is -
$\sqrt{16129}$ का मान है –
(A) 117 (B) 133
(C) 123 (D) 127

**67** State Human Rights Commission submits its annual report to :
(A) National Human Rights Commission
(B) High Court
(C) State Government
(D) Advocate General of State
राज्य मानव अधिकार आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है :
(A) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को
(B) उच्च न्यायालय को
(C) राज्य सरकार को
(D) राज्य के महाधिवक्ता को

**68** Which of the following converts source program into object program?
(A) ALU (B) Control Unit
(C) Assembler (D) Anti Virus
इनमें से कौन सा सोर्स प्रोग्राम को ऑब्जेक्ट प्रोग्राम में बदलता है ?
(A) ALU (B) कन्ट्रोल युनिट
(C) असेम्बलर (D) एंटी वायरस

**69** Which of the following exhibits non-metallic properties?
निम्नलिखित में से कौन सा अधात्विक गुण प्रदर्शित करता है ?
(A) Al (B) Be
(C) grey Sn (D) Mo

**70** The sum of first 50 natural numbers is –
प्रथम 50 प्राकृत संख्याओं का योग है –
(A) 1000 (B) 1200
(C) 1275 (D) 1525

**71** If 'CLOCK' is coded as '34235' and 'TIME' as '8679', then what will be the code for 'MOLEK'?
यदि 'CLOCK' को '34235' और 'TIME' को '8679' से कूटित किया जाये, तो 'MOLEK' के लिए कोड क्या होगा ?
(A) 72945 (B) 72495
(C) 62945 (D) 62495

**72** Rays moving parallel to the principal axis of a convex lens after refraction passes through :
(A) Principal focus
(B) Undeviated
(C) Optical centre
(D) Centre of curvature
मुख्य अक्ष के समानान्तर गुजरने वाली किरणें उत्तल लेंस से अपवर्तन के पश्चात् गुजरती हैं :
(A) मुख्य फोकस से
(B) अपरिवर्तित
(C) प्रकाशिक केन्द्र से
(D) वक्रता केन्द्र से

**73** When the post of Lokayukta was established in Rajasthan?
राजस्थान में लोकायुक्त का पद कब सृजित हुआ था ?
(A) 1992 (B) 1977
(C) 1982 (D) 1973

**74** Fill in the blank with one of the correct options from the options given below.
It's time they _________ working on the project.
(A) started (B) start
(C) will (D) would start

**75** Choose the words which are nearly opposite in meaning to the underlined words :
<u>Opaque</u>
(A) Cloudy (B) Hazy
(C) Blurred (D) Transparent

**76** 'यशोभिलाषा' शब्द में कौनसी संधि है ?
(A) गुण संधि (B) वृद्धि संधि
(C) दीर्घ संधि (D) विसर्ग संधि

**77** Which of the following blood groups is a 'Universal Donor'?
निम्नलिखित में से कौनसा रक्त समूह एक 'सर्वदाता' है ?
(A) A (B) B
(C) AB (D) O

**78** 'अपने सामर्थ्य के अनुसार व्यय करना' अर्थ से संबंधित लोकोक्ति है –
(A) दाग लगाये लँगोटिया यार
(B) थोड़ी पूँजी धणी को खाये
(C) तेल देखो तेल की धार देखो
(D) तेते पाँव पसारिये जेती लाँबी सौर

MASTER

79 Which one is not view option in PowerPoint?
(A) Outline view
(B) Normal view
(C) Slide sorter view
(D) Slide show view
इनमें से कौनसा पॉवरपॉइंट का व्यू विकल्प नहीं है ?
(A) आउटलाइन व्यू
(B) नोर्मल व्यू
(C) स्लाइड सोर्टर व्यू
(D) स्लाइड शो व्यू

80 A bag contains ₹ 5, ₹ 2, and ₹ 1 coins in the ratio 5:6:7. If the total amount is ₹ 220, then number of ₹ 2 coins in the bag is -
एक थैले में 5:6:7 के अनुपात में ₹ 5, ₹ 2, एवं ₹ 1 के सिक्के रखे हुए हैं। यदि कुल राशि ₹ 220 हो, तो थैले में ₹ 2 के सिक्कों की संख्या है –
(A) 30 (B) 35
(C) 60 (D) 120

81 'Penganga' is a tributary of which of the following rivers?
(A) Krishna (B) Kaveri
(C) Godavari (D) Mahanadi
'पेनगंगा' निम्नलिखित नदियों में से किसकी सहायक नदी है ?
(A) कृष्णा (B) कावेरी
(C) गोदावरी (D) महानदी

82 A wire is in the form of a circle of radius 98 cm. A square is formed out of the wire. What is the approximate length of a side of the square?
(A) 148 cm (B) 152 cm
(C) 154 cm (D) 156 cm
एक तार 98 सेमी त्रिज्या के वृत्त के आकार का है। इस तार से एक वर्ग बनाया गया है। वर्ग की एक भुजा की लगभग लंबाई क्या है ?
(A) 148 सेमी (B) 152 सेमी
(C) 154 सेमी (D) 156 सेमी

83 Which program helps the user to view different web sites on the internet?
(A) System program
(B) Server program
(C) Browser program
(D) Search engine
कौन–सा प्रोग्राम यूज़र को इंटरनेट पर विभिन्न प्रकार की वेब साइट्स देखने में मदद करता है ?
(A) सिस्टम प्रोग्राम
(B) सर्वर प्रोग्राम
(C) ब्राउज़र प्रोग्राम
(D) सर्च इंजन

84 In the CD-R type of CD, data can be ________.
(A) Only read once
(B) Written once, read many times
(C) Written many times, read once
(D) Only written once
CD-R प्रकार की CD पर डेटा को ________।
(A) सिर्फ एक बार पढ़ा जा सकता है
(B) कई बार पढ़ा, पर सिर्फ एक बार लिखा जा सकता है
(C) सिर्फ एक बार पढ़ा, पर कई बार लिखा जा सकता है
(D) सिर्फ एक बार लिखा जा सकता है

85 Virtual and enlarged image of an object can be obtained by :
(A) Convex mirror
(B) Concave mirror
(C) Plane mirror
(D) Concave lens
किसी वस्तु का आभासी व विवर्धित प्रतिबिंब प्राप्त किया जा सकता है :
(A) उत्तल दर्पण द्वारा
(B) अवतल दर्पण द्वारा
(C) समतल दर्पण द्वारा
(D) अवतल लेंस द्वारा

86 What is the optimum temperature and catalyst required for Haber's process?
(A) $450^\circ C$, Iron (B) $45^\circ C$, Tin
(C) $150^\circ C$, Copper (D) $300^\circ C$, Silver
हैबर प्रक्रिया में उपयुक्त तापमान और उद्दीपक कितना जरूरी होता है ?
(A) $450^\circ C$, आयरन (B) $45^\circ C$, टिन
(C) $150^\circ C$, कॉपर (D) $300^\circ C$, सिल्वर

87 Who is the first woman Director General of National Council of Applied Economic Research of India?
(A) Poonam Gupta
(B) Renu Sud Karnad
(C) Shyamala Gopinath
(D) Shobhana Bhartia
भारत के नेशनल काउसिंल ऑफ एप्लाइड इकॉनोमिक रिसर्च की पहली महिला महानिदेशक कौन हैं ?
(A) पूनम गुप्ता
(B) रेणु सूद कर्नाड
(C) श्यामला गोपीनाथ
(D) शोभना भरतिया

MASTER

88 शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –
(A) अन्तर्ध्यान (B) अर्न्तध्यान
(C) अन्तर्धान (D) अंर्तधयान

89 If the length of a shadow cast by a pole is $\sqrt{3}$ times the length of the pole, then the angle of elevation of the sun is -
यदि एक खंभे द्वारा डाली गई परछाई की लम्बाई खंभे की लम्बाई का $\sqrt{3}$ गुणा है, तो सूर्य का उन्नयन कोण है –
(A) 30° (B) 45°
(C) 60° (D) 90°

90 Hemang Jaiswal of Rajasthan is player of ______.
(A) Kabaddi (B) Judo
(C) Boxing (D) Weight Lifting
राजस्थान के हेमांग जायसवाल ________ के खिलाड़ी हैं।
(A) कबड्डी (B) जूडो
(C) मुक्केबाजी (D) भारोत्तोलन

91 The slope of the line joining $A$ (3, 7) and $B$ (–2, 1) is -
बिन्दु $A$ (3, 7) तथा $B$ (–2, 1) को मिलाने वाली रेखा का ढलान है –
(A) $\frac{5}{6}$ (B) $\frac{6}{5}$
(C) $\frac{1}{8}$ (D) $\frac{6}{7}$

92 Which one of the following agency undertook the excavation work of Kalibangan?
(A) The Rajasthan Department of Archaeology and Museums, Jaipur
(B) The Archaeological Survey of India, New Delhi
(C) Deccan College, Pune
(D) Melbourne University of Australia
निम्नलिखित में से किस एक अभिकरण ने कालीबंगा के उत्खनन कार्य का उत्तरदायित्व सँभाला ?
(A) राजस्थान पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, जयपुर
(B) भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली
(C) डेक्कन कॉलेज, पुणे
(D) मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया

93 Which of following districts of Rajasthan is not included in the first phase of Rajasthan Urban Infrastructure Development Project?
(A) Kota (B) Udaipur
(C) Alwar (D) Bikaner
राजस्थान के निम्न में से किस जिले को राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के प्रथम चरण में सम्मिलित नहीं किया है ?
(A) कोटा (B) उदयपुर
(C) अलवर (D) बीकानेर

94 Punit goes West, he turns left, then left, again left and then right and finaly goes right. In which direction he is moving?
(A) North (B) South
(C) East (D) West
पुनीत पश्चिम की ओर चलता है, वह बायीं ओर मुड़ता है, फिर बायीं ओर एक बार पुनः बायीं ओर तथा अब दायीं ओर एवं अंत में दायीं ओर चलता है। वह किस दिशा में जा रहा है ?
(A) उत्तर (B) दक्षिण
(C) पूर्व (D) पश्चिम

95 Ornaments of 'Tarkashi' are famous of which place?
(A) Nathdwara (B) Chittorgarh
(C) Barmer (D) Udaipur
'तारकशी' के आभूषण (जेवर) किस स्थान के प्रसिद्ध हैं ?
(A) नाथद्वारा (B) चित्तौड़गढ़
(C) बाड़मेर (D) उदयपुर

96 The Malpura-Karauli Plain is the part of -
(A) Luni Basin (B) Chambal Basin
(C) Mahi Basin (D) Banas Basin
मालपुरा–करौली मैदान भाग है –
(A) लूनी बेसिन का (B) चम्बल बेसिन का
(C) माही बेसिन का (D) बनास बेसिन का

97 Fill in the correct article.
He is not ________ honourable man.
(A) an (B) the
(C) a (D) no article

98 An eye defect 'Astigmatism' occurs when :
(A) the image of an object is focussed at a point behind retina.
(B) the image of an object is focussed at a point before retina.
(C) the eye lens becomes cloudy.
(D) the cornea is not spherical in shape.
दृष्टिदोष 'दृष्टिवैषम्य' तब उत्पन्न होती है जब :
(A) किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब दृष्टिपटल के पीछे किसी बिन्दु पर फोकसित होता है।
(B) किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब दृष्टिपटल के आगे किसी बिन्दु पर फोकसित होता है।
(C) नेत्र लेंस धुंधला हो जाता है।
(D) कॉर्निया की आकृति गोलीय नहीं होती।

MASTER

99 Which activity is not related with the Draught Prone Areas Programme in Rajasthan?

(A) Soil and moisture conservation
(B) Water resources development
(C) Afforestation
(D) Poverty removal

राजस्थान में सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम का सम्बन्ध किस गतिविधि से नहीं है ?

(A) मिट्टी व नमी का संरक्षण करना
(B) जल–संसाधनों का विकास
(C) वृक्षारोपण
(D) गरीबी निवारण

100 At the 68th National Film Awards on September 30, 2022 who was conferred with the Dada Saheb Phalke Award?

(A) Waheeda Rehman
(B) Asha Parekh
(C) Lata Mangeshkar
(D) Asha Bhosle

30 सितम्बर, 2022 को 68 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया ?

(A) वहीदा रहमान
(B) आशा पारेख
(C) लता मंगेशकर
(D) आशा भौंसले

101 Agni dance is performed by the men folk of which sect of Rajasthan?

(A) Dadupanth (B) Jasnathi Siddha Sect
(C) Ramsnehi Sect (D) Bishnoi Sect

राजस्थान के किस संप्रदाय के लोक पुरुषों द्वारा अग्नि नृत्य किया जाता है ?

(A) दादूपंथ (B) जसनाथी सिद्ध संप्रदाय
(C) रामस्नेही संप्रदाय (D) बिश्नोई संप्रदाय

102 Prabha Atre (Padma Vibhushan Awardee 2022) is related to which field?

(A) Sports
(B) Space Technology
(C) Social Work
(D) Indian Classical Music

प्रभा अत्रे (पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता 2022) किस क्षेत्र से संबंधित हैं ?

(A) खेल
(B) अंतरिक्ष प्रोद्यौगिकी
(C) समाज सेवा
(D) भारतीय शास्त्रीय संगीत

103 The famous Pushkar Fair is held in which month of the Hindu Calendar?

(A) Sawan (B) Falgun
(C) Kartik (D) Chaitra

राजस्थान का प्रसिद्ध पुष्कर मेला हिन्दू पंचांग के किस माह में लगता है ?

(A) सावन (B) फाल्गुन
(C) कार्तिक (D) चैत्र

104 'विसंगति' शब्द के लिए सही अंग्रेजी शब्द क्या होगा ?

(A) Discrepancy (B) Discretion
(C) Dismiss (D) Disorder

105 The wood of which tree is used to make cricket bats?

(A) *Acacia* (B) Willow
(C) Teak (D) Mango

किस वृक्ष की लकड़ी का उपयोग क्रिकेट का बल्ला बनाने के लिए किया जाता है ?

(A) बबूल (B) विलो
(C) टीक (D) आम

106 Which language (dialect) is spoken in Bundi and Kota area?

(A) Bagri (B) Mewati
(C) Hadauti (D) Brij

बूंदी एवं कोटा क्षेत्र में कौनसी बोली बोली जाती है ?

(A) बागड़ी (B) मेवाती
(C) हाड़ौती (D) ब्रज

107 What is rank of India in 'Climate Change Performance Index (CCPI) 2023'?

(A) 6th (B) 7th
(C) 8th (D) 9th

'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) 2023' में भारत की रैंक क्या है ?

(A) छठी (B) सातवीं
(C) आठवीं (D) नौवीं

108 L + M means L is the brother of M.
L – M means L is the son of M.
L ÷ M means L is the wife of M.
L × M means L is the father of M,
then which of the following means R is the mother of T?

L + M का अर्थ L, M का भाई है।
L – M का अर्थ L, M का पुत्र है।
L ÷ M का अर्थ L, M की पत्नी है।
L × M का अर्थ L, M का पिता है,
तो निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि R, T की माता है ?

(A) R ÷ A × S + T (B) R ÷ A + S × T
(C) R ÷ A – S + T (D) R ÷ A + S – T

MASTER

**109** In which year Chandrayaan - I was launched by India?

किस वर्ष में भारत ने चन्द्रयान - I छोड़ा था?

(A) 2007 (B) 2008
(C) 2009 (D) 2010

**110** Choose an appropriate translation for the sentence given :

She saved money for a rainy day.

(A) उसने बारिश के लिए पैसे बचाए।
(B) उसने भीगने से पैसे बचाए।
(C) उसने पैसों को भीगने से बचाया।
(D) उसने बुरे वक्त के लिए पैसे बचाए।

**111** The next term of the given series is -

दी गई श्रेणी का अगला पद है –

C, E, H, L, Q, ?

(A) U (B) V
(C) W (D) X

**112** The high grade coal is -

(A) Anthracite (B) Bituminous
(C) Lignite (D) Peat

उत्तम श्रेणी का कोयला है –

(A) ऐन्थ्रासाइट (B) बिटूमिनस
(C) लिग्नाइट (D) पीट

**113** Which fort is situated on the confluence of Gambhiri and Berach rivers?

(A) Kumbhalgarh Fort
(B) Tadgarh Fort
(C) Chittorgarh Fort
(D) Ranthambhore Fort

गंभीरी तथा बेड़च नदियों के संगम पर कौनसा किला स्थित है?

(A) कुंभलगढ़ किला
(B) टाड़गढ़ किला
(C) चित्तौड़गढ़ किला
(D) रणथम्भौर किला

**114** निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग किया गया है?

(A) कपिल आम खाता है।
(B) चेतन पानी पी रहा है।
(C) सरोज नाटक देख रही है।
(D) वह रातभर नहीं सोया।

**115** Name the river flowing through Bikaner district –


(A) Kantli (B) Mantha
(C) Ghagghar (D) None of the river



बीकानेर ज़िला से प्रवाहित होने वाली नदी का नाम है –



(A) कांतली (B) मन्था
(C) घग्घर (D) कोई नदी नहीं

**116** Complete the following figure series :

निम्नलिखित आकृति श्रृंखला को पूर्ण कीजिए :




(A)  (B) 

(C)  (D) 

**117** Complete the sentence by choosing the correct preposition from the choices given below :

What's the time ________ your watch?

(A) in (B) at
(C) on (D) by

**118** Which lake does not exist in Nagaur district?

(A) Didwana (B) Degana
(C) Kuchaman (D) Raiwasa

नागौर ज़िले में कौनसी झील स्थित नहीं है?

(A) डीडवाना (B) डेगाना
(C) कुचामन (D) रैवासा

**119** If in $\Delta\, ABC$ and $\Delta\, DEF$, $\frac{AB}{DE} = \frac{BC}{EF} = \frac{CA}{FD} = \frac{3}{5}$, then their areas are in the ratio -

$\Delta\, ABC$ तथा $\Delta\, DEF$ में यदि $\frac{AB}{DE} = \frac{BC}{EF} = \frac{CA}{FD} = \frac{3}{5}$, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात होगा –

(A) 9:25 (B) 16:25
(C) 5:3 (D) 3:5

MASTER

**120** In the system of equations

$l_1x + m_1y + n_1 = 0$

$l_2x + m_2y + n_2 = 0$

if $\frac{l_1}{l_2} = \frac{m_1}{m_2} \neq \frac{n_1}{n_2}$, then lines represented by equations are –

(A) Parallel (B) Coincident
(C) Perpendicular (D) Intersecting

समीकरण निकाय

$l_1x + m_1y + n_1 = 0$

$l_2x + m_2y + n_2 = 0$

में यदि $\frac{l_1}{l_2} = \frac{m_1}{m_2} \neq \frac{n_1}{n_2}$, तो समीकरणों द्वारा प्रदर्शित रेखाएं हैं –

(A) समान्तर (B) संपाती
(C) लम्बवत् (D) प्रतिच्छेदी

**121** In which one of the following civilizations bricks were not used in making houses and colonies?

(A) Nuh (B) Kalibangan
(C) Pilibanga (D) Ganeshwar

निम्नलिखित में से किस सभ्यता में आवास एवं बस्तियां बनाने में ईंटों का प्रयोग नहीं होता था?

(A) नूह (B) कालीबंगा
(C) पीलीबंगा (D) गणेश्वर

**122** A geostationary satellite revolves approximately at what height and in which plane?

(A) 36,000 m, equatorial plane
(B) 36,000 km, equatorial plane
(C) 36,000 km, polar plane
(D) 36,000 m, polar plane

एक भू–स्थिर उपग्रह लगभग किस ऊँचाई पर व किस तल में भ्रमण करता है?

(A) 36,000 मी, भूमध्यरेखीय तल
(B) 36,000 किमी, भूमध्यरेखीय तल
(C) 36,000 किमी, ध्रुवीय तल
(D) 36,000 मी, ध्रुवीय तल

**123** 'The Adaptation Gap Report 2022' is published by -

(A) World Bank
(B) United Nations Environment Program
(C) World Economic Forum
(D) BRICS

'द एडेप्टेशन गेप रिपोर्ट 2022' का प्रकाशनकर्ता है –

(A) विश्व बैंक
(B) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
(C) विश्व आर्थिक मंच
(D) ब्रिक्स

**124** Total number of Gram Panchayats in Rajasthan is:

राजस्थान में ग्राम पंचायतों की कुल संख्या है :

(A) 10,890 (B) 12,560
(C) 11,283 (D) 13,443

**125** Kwashiorkor is usually observed among children in the age range of -

(A) < 1 year (B) 1 – 4 years
(C) 4 – 6 years (D) 6 – 10 years

क्वाशियोरकॉर आमतौर पर बच्चों में इस आयु सीमा में देखा गया है –

(A) < 1 वर्ष (B) 1 – 4 वर्ष
(C) 4 – 6 वर्ष (D) 6 – 10 वर्ष

**126** A member of the State Public Service Commission may be removed by the :

(A) Governor, after the inquiry conducted by High Court.
(B) President, after the inquiry conducted by the Supreme Court.
(C) Governor on the basis of impeachment in the Legislative Assembly.
(D) President on the basis of impeachment in Parliament.

राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य को पद से हटाया जा सकता है :

(A) राज्यपाल के द्वारा उच्च न्यायालय के जाँच के बाद
(B) राष्ट्रपति के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के जाँच के बाद
(C) विधान सभा के महाभियोग प्रस्ताव के तहत् राज्यपाल द्वारा
(D) संसद के महाभियोग प्रस्ताव के तहत् राष्ट्रपति के द्वारा

**127** पूर्व में किसी व्यक्ति या अधिकारी को भेजे गए पत्र का जवाब न आने पर जो स्मरण–पत्र भेजा जाता है, उसे कहते हैं –

(A) परिपत्र (B) विज्ञप्ति
(C) निविदा (D) अनुस्मारक

**128** When an error of 1% is made in the length of a square, then approximate percentage error in the area of that square will be -

एक वर्ग की लम्बाई में 1% की गलती है, तो उस वर्ग के क्षेत्रफल में गलती की लगभग प्रतिशतता क्या होगी?

(A) $\frac{1}{2}$% (B) 1%
(C) 2% (D) 4%

MASTER

129 Which one of the following times is the season of retreating monsoon?
(A) October to mid December
(B) December to February
(C) Mid June to September
(D) February to mid June
निम्नांकित में से कौनसा समय मानसून प्रत्यावर्तन की ऋतु का है ?
(A) अक्टूबर से मध्य दिसम्बर
(B) दिसम्बर से फरवरी
(C) मध्य जून से सितम्बर
(D) फरवरी से मध्य जून

130 In which Legislative Assembly Sumitra Singh was choosen as the first Woman Speaker in the State of Rajasthan?
(A) Tenth (B) Eleventh
(C) Twelfth (D) Thirteenth
सुमित्रा सिंह, राजस्थान राज्य की पहली महिला विधान सभा अध्यक्ष कौन सी विधान सभा में बनी ?
(A) दसवीं (B) ग्यारहवीं
(C) बारहवीं (D) तेरहवीं

131 Air Marshall Shaikh Abdul Hannan was chief guest at Graduation Parade of Flight Cadets. He is from-
(A) Afghanistan (B) Bangladesh
(C) Malaysia (D) Iran
एयर मार्शल शेख अब्दुल हन्नान फ्लाइट कैडेट्स की ग्रेजुएशन परेड में मुख्य अतिथि थे। वे हैं –
(A) अफगानिस्तान से (B) बांग्लादेश से
(C) मलेशिया से (D) ईरान से

132 A sum of money doubles itself with simple interest rate in 12 years. In how many years would it treble itself?
(A) 18 years (B) 24 years
(C) 30 years (D) 36 years
यदि एक धनराशि 12 वर्ष में साधारण ब्याज की दर से दुगुनी हो जाती है, तो वह राशि कितने वर्षों में तिगुनी होगी ?
(A) 18 वर्ष (B) 24 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 36 वर्ष

133 Twang sector is situated in -
(A) Arunachal Pradesh
(B) Assam
(C) Sikkim
(D) Uttrakhand
तवांग क्षेत्र स्थित है –
(A) अरूणाचल प्रदेश में
(B) असम में
(C) सिक्किम में
(D) उत्तराखण्ड में

134 Who among the following was nominated as a representative of Rajasthan in the Constituent Assembly of India in 1946?
(A) Vijay Singh Pathik
(B) Jivraj Narayan Mehta
(C) Heeralal Shastri
(D) Mohanlal Sukhadia
निम्नलिखित में से कौन 1946 में भारत की संविधान निर्मात्री सभा में राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किये गये थे ?
(A) विजयसिंह पथिक
(B) जीवराज नारायण मेहता
(C) हीरालाल शास्त्री
(D) मोहनलाल सुखाड़िया

135 In which year Desert Development Program was launched?
मरुस्थलीय विकास कार्यक्रम किस वर्ष में चालू किया गया था ?
(A) 1977-78 (B) 1980-81
(C) 2001-02 (D) 1984-85

136 Where has a multi-product SEZ been established by RIICO in collaboration with Mahindra Group in Rajasthan?
(A) Neemrana (B) Kota
(C) Jhalawar (D) Jaipur
रीको ने महिन्द्रा ग्रूप के सहयोग से राजस्थान में कहाँ बहुउत्पाद सेज स्थापित किया है ?
(A) नीमराना (B) कोटा
(C) झालावाड़ (D) जयपुर

137 Who was appointed as the Rajpramukh of Greater Rajasthan?
(A) Maharaja Sawai Man Singh
(B) Maharaja Bhupal Singh
(C) Maharawal Chandra Singh
(D) Maharawal Laxman Singh
बृहद् राजस्थान का राजप्रमुख किसे नियुक्त किया गया ?
(A) महाराजा सवाई मानसिंह
(B) महाराजा भूपालसिंह
(C) महारावल चन्द्रसिंह
(D) महारावल लक्ष्मणसिंह

138 Choose the correct Hindi translation of the word given below :
Registration
(A) पंजिका (B) पंजीकरण
(C) संविदा (D) नियमन

MASTER

**139** 11 day exposition of Holy Kapilvastu Relics of Lord Buddha was organised by Government of India in -
(A) Malaysia (B) Thailand
(C) Mongolia (D) Sri Lanka
भगवान बुद्ध के पवित्र कपिलवस्तु अवशेषों की 11 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन भारत सरकार द्वारा किया गया था –
(A) मलेशिया में (B) थाइलैण्ड में
(C) मंगोलिया में (D) श्रीलंका में

**140** Who among the following Folk-Gods is also related to snakes?
(A) Ramdevji (B) Pabuji
(C) Mallinathji (D) Gogaji
निम्नलिखित में से कौनसा लोकदेवता साँपों से भी सम्बंधित है ?
(A) रामदेवजी (B) पाबूजी
(C) मल्लीनाथजी (D) गोगाजी

**141** According to the India State of Forest Report 2019, the state (Not Union Territory) having lowest percentage of forest cover is -
(A) Punjab (B) Rajasthan
(C) Haryana (D) Uttar Pradesh
इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2019 के अनुसार वह राज्य (केन्द्र शासित प्रदेश नहीं) जहां वन क्षेत्र का प्रतिशत मान न्यूनतम है, वह है –
(A) पंजाब (B) राजस्थान
(C) हरियाणा (D) उत्तर प्रदेश

**142** Which of the following formula in Excel is correct to find sum of cell A1, A2, A3 and A4?
निम्नलिखित में से कौनसा एक्सेल फंक्शन A1, A2, A3 और A4 सेल का योग खोजने के लिए सही है ?
(A) = sum (A1 to A4)
(B) = sum (A1; A4)
(C) = sum (A1 : A4)
(D) = sum (A1 – A4)

**143** Which of the following is not correctly matched?
(A) Protection of Discrimination : Article 15
(B) Right to Association : Article 19
(C) Right to Protection of Life : Article 20
(D) Right to Constitutional Remedies : Article 32
निम्नलिखित में से कौन–सा सही सुमेलित नहीं है ?
(A) भेदभाव से सुरक्षा : अनुच्छेद 15
(B) संघ के निर्माण का अधिकार : अनुच्छेद 19
(C) जीवन की रक्षा का अधिकार : अनुच्छेद 20
(D) संवैधानिक उपचारों का अधिकार : अनुच्छेद 32

**144** Which of the following string instrument is also known as "Bheri"?
(A) Bankiya (B) Bhungal
(C) Mashak (D) Pungi
निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र को ''भेरी'' भी कहा जाता है ?
(A) बांकिया (B) भूंगल
(C) मशक (D) पूंगी

**145** 'Vishwas Swaroopam' (Statue of Belief) is statue of ________.
(A) Lord Ram (B) Lord Krishna
(C) Lord Vishnu (D) Lord Shiva
'विश्वास स्वरूपम' ________ की प्रतिमा है।
(A) भगवान राम (B) भगवान कृष्ण
(C) भगवान विष्णु (D) भगवान शिव

**146** What is the smallest and largest font size available in font size toolbar on formatting toolbar?
(A) 6 and 68 (B) 8 and 68
(C) 6 and 72 (D) 8 and 72
फॉर्मेटिंग टूलबार में उपलब्ध फॉन्ट साइज टूलबार में उपलब्ध न्यूनतम और अधिकतम फॉन्ट साइज क्या है ?
(A) 6 और 68 (B) 8 और 68
(C) 6 और 72 (D) 8 और 72

**147** Which day is celebrated as 'National Unity Day' (Rashtriya Ekta Diwas) in India?
(A) $15^{th}$ January (B) $4^{th}$ December
(C) $31^{st}$ October (D) $8^{th}$ October
किस दिन को भारत में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 15 जनवरी को (B) 4 दिसम्बर को
(C) 31 अक्टूबर को (D) 8 अक्टूबर को

**148** The name of artisan associated with blue pottery - Jaipur is :
(A) Rajesh Godha (B) Anuradha Jangid
(C) Narottam Jangid (D) Abrar Ahmed
ब्ल्यू पोटरी – जयपुर से सम्बन्धित शिल्पकार का नाम है :
(A) राजेश गोधा (B) अनुराधा जांगीड़
(C) नरोत्तम जांगीड़ (D) अबरार अहमद

**149** What was the growth rate of gross state domestic product of Rajasthan at constant (2011-12) prices during 2021-22 as per Economic Review 2021-22?
आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार 2021-22 में राजस्थान के स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वृद्धि की दर क्या थी ?
(A) –5.2 (B) 3.2
(C) 6.04 (D) 11.04

**150** Three numbers are in the ratio of 2:3:4 and their average is 39, then the smallest number is -
तीन संख्याएं 2:3:4 के अनुपात में हैं तथा उनका औसत 39 है, तो सबसे छोटी संख्या है –
(A) 13 (B) 26
(C) 39 (D) 52

MASTER

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह

MASTER

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें । वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानी पूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे । परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायेंगे।